आकाशवाणी केन्द्र शिमला

03.06.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

इस्तीफे मंजूर

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने विधानसभा सदस्यता से इस्तीफा देने वाले तीनों निर्दलीयों विधायकों के इस्तीफे आज मंजूर कर दिए। इसी के साथ इन विधायकों की विधानसभा सदस्यता खत्म हो गई है। जिन तीन निर्दलीय विधायकों के इस्तीफे मंजूर किए गए हैं, उनमें कांगड़ा के देहरा से होशियार सिंह, सोलन के नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र से के.एल. ठाकुर और हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र से आशीष शर्मा शामिल हैं। विधानसभा अध्यक्ष ने इन तीनों निर्दलीय विधायकों के इस्तीफे मंजूर करने की घोषणा करते हुए कहा कि उन्होंने पूरी जांच के बाद ये निर्णय सुनाया है और अब ये तीनों विधायक सदन के सदस्य नहीं हैं। उन्होंने कहा कि इन निर्दलीय विधायकों को दल–बदल कानून के तहत अयोग्य करार नहीं दिया गया है, बल्कि उनके इस्तीफे स्वीकार किए गए हैं। हालांकि उनके खिलाफ कांग्रेस के जगत सिंह नेगी द्वारा दल–बदल कानून के तहत दायर याचिका अभी लंबित है। गौरतलब है कि इन तीन निर्दलीय विधायकों ने 22 मार्च को विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था और 23 मार्च को इन तीनों विधायकों ने भाजपा में शामिल होने की घोषणा की थी। हालांकि विधानसभा अध्यक्ष ने इनके इस्तीफे तत्काल स्वीकार नहीं किए, इस पर पहले इन तीनों निर्दलीय विधायकों ने विधानसभा परिसर में ही धरना–प्रदर्शन किया और बाद में हाईकोर्ट में ही इस मामले को ले गए। हाईकोर्ट में इस मामले पर 2 न्यायाधीशों की खंडपीठ मेँ फैसले पर सहमति नहीं बन पाई। इस पर ये मामला तीसरे न्यायाधीश को विचार के लिए भेजा गया है, जिस पर अभी फैसला आना बाकी है। इस बीच विधानसभा अध्यक्ष के इन निर्दलीय विधायकों के इस्तीफे स्वीकार करने के साथ ही राज्य में 3 और उपचुनाव तय हो गए हैं।

मतगणना

प्रदेश में एक जून को हुए लोकसभा चुनाव और विधानसभा की 6 सीटों के लिए उपचुनाव की मतगणना की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मतगणना कल 4 जून को सुबह 8 बजे से शुरू होगी। लोकसभा के लिए पड़े वोटों की गिनती के लिए कुल 74 मतगणना केंद्र प्रदेशभर में विभिन्न स्थानों पर बनाए गए हैं। 6 विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव के लिए कुल 6 मतगणना केंद्र स्थापित किए गए हैं। सुचारू और व्यवस्थित मतगणना के लिए निर्वाचन विभाग ने 3 हज़ार एक सौ 40 कर्मियों को लोकसभा चुनाव की मतगणना के कार्य में लगाया है, जबकि 6 विधानसभा उपचुनाव के लिए 2 सौ 40 कर्मी मतगणना का कार्य करेंगे। मतदान के बाद ई.वी.एम. को स्ट्रांग रूम में केंद्रीय सुरक्षा बलों की निगरानी में रखा गया है। मतगणना से पहले आज मतगणना का पूर्वाभ्यास भी किया गया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग ने बताया कि निर्वाचन अधिकारियों और जिला निर्वाचन अधिकारियों को चुनाव परिणामों की जानकारी आम लोगों को उपयुक्त माध्यम से प्रदान करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रदेश में कल लोकसभा और 6 विधानसभा उपचुनाव के लिए होने वाली मतगणना में कुल 62 उम्मीदवारों के राजनीतिक भविष्य का फैसला होगा। इनमें से 37 उम्मीदवार लोकसभा चुनाव जबकि 25 उम्मीदवार विधानसभा के उपचुनाव लड़ रहे हैं। राज्य में लोकसभा चुनाव लड़ने वालों में मंडी से भाजपा की कंगना रणौत और कांग्रेस के विक्रमादित्य सिंह, शिमला से भाजपा के सुरेश कश्यप और कांग्रेस के विनोद सुल्तानपुरी, कांगड़ा के भाजपा के राजीव भारद्वाज और कांग्रेस के आनंद शर्मा जबकि हमीरपुर से भाजपा के अनुराग सिंह ठाकुर और कांग्रेस के सतपाल रायजादा मुख्य रूप से आमने–सामने

हैं। 6 विधानसभा क्षेत्रों में हुए उपचुनाव में भाजपा ने कांग्रेस के सभी 6 बागी व अयोग्य करार दिए गए विधायकों को अपना उम्मीदवार बनाया है। इनमें धर्मशाला से सुधीर शर्मा, सुजानपुर से राजेंद्र राणा, बड़सर से इंद्रदत्त लखनपाल, लाहौल–स्पिति रवि ठाकुर, कुटलैहड़ से देवेंद्र भुट्टो और गगरेट से चैतन्य शर्मा शामिल हैं। लोकसभा व विधानसभा उपचुनाव में मुख्य मुकाबला कांग्रेस और भाजपा के बीच है।

मतगणना तैयारी

प्रदेश में लोकसभा चुनावों व छह विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव के लिए 4 जून को होने वाली मतगणना को देखते हुए चुनाव आयोग के निर्देशानुसार मतगणना केंद्र घोषित शिक्षण संस्थानों में कल अवकाश घोषित किया गया है। कांगड़ा संसदीय क्षेत्र के तहत आने वाले शाहपुर, नगरोटा, कांगड़ा और धर्मशाला निर्वाचन क्षेत्रों की मतगणना राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला में की जाएगी। इसके अलावा धर्मशाला विधानसभा उपचुनाव की मतगणना भी इसी कॉलेज परिसर में होगी। ज़िला निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि धर्मशाला कॉलेज के अलावा कांगड़ा जिला में मतगणना के लिए नुरपुर, पालमपुर और ज्वालामुखी में मतगणना केंद्र निर्धारित किए गए हैं।